कार्यालय – प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–संरक्षण)

सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल
Tel. (office) 2674212 (Fax) 2551450, E-mail: apccfprot@mpforest.org

कमांक / शिका. / 2019 / 10–10 / 4207 भोपाल, दिनांक 21 .11.19

प्रति,

रजिस्ट्रार,
माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल,
नई दिल्ली

विषयः–ओ.ए. कमांक 253 / 2019 द्वारा श्री शिशिर रिछारिया विरूद्ध म.प्र. शासन एवं अन्य।

––00––

महोदय,

निवेदन है कि याचिका कमांक ओ.ए. 253 / 2019 में श्री शिशिर रिछारिया, डिवीजनल सेकेटरी (बी.एम.आर.के.पी.) के द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में शिकायत दिनांक 16.01.19 को की गई थी।

उक्त शिकायत में इनके द्वारा यह बताया गया था कि भारतीय रेलवे के द्वारा FLASH BUTT WELDING (FBW) Plant बीना–कटनी तीसरी लाईन के प्रोजेक्ट के प्रस्ताव में बीना में स्थापित किया जा रहा है। यदि यह प्लांट स्थापित किया जाता है तो 995 हरे–भरे वृक्ष काटे जायेंगे, जिससे पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा एवं वन्यप्राणियों का रहवास भी खत्म होगा। उक्त शिकायत के तारतम्य में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा वनमंडलाधिकारी, कटनी से 2 माह में जांच कर वस्तुस्थिति आधारित प्रतिवेदन ई–मेल के द्वारा भेजने हेतु आदेश दिया गया। वनमंडलाधिकारी, कटनी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन कमांक 1561 दिनांक 29.05.19 निम्नानुसार हैः–

1. उल्लेखित प्रकरण ओ.ए. कमांक 253 / 2019 द्वारा श्री शिशिर रिछारिया विरूद्ध म.प्र. शासन एवं अन्य में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली में दायर याचिका का संबंध वनमंडल कटनी से नहीं है।
2. उक्त संबंध में याचिकाकर्ता से दूरभाष पर चर्चानुसार यह बताया गया कि प्रकरण में रेलवे द्वारा FLASH BUTT WELDING (FBW) Plant of Bina-Katni third line project proposed in District-Bina में लगाया जा रहा है।

यदि बीना में वह स्थान जहां FPW Plant लगाया जा रहा है, के संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है तो संबंधित वनमंडलाधिकारी, उत्तर सागर से जांच कराकर इसका प्रतिवेदन माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

संलग्नः–वनमंडलाधिकारी, कटनी का प्रतिवेदन

for 21/11/19

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(संरक्षण)
म.प्र., भोपाल

82D:\Hemant\office letter\Office letter-2019\Nov-019.docx

...अधिकारी सामान्य वनमण्डल कटनी (म.प्र.)
TELEPHONE (O) 07622- 227417 (FAX) 07622-220700 PIN 483501, E-mail: dfokatni@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./ 1561 कटनी दिनांक 29/5/2019

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(कक्ष–संरक्षण)
सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)

विषय :– ओ.ए. क्रमांक 253/ 2019 द्वारा श्री शिशिर रिचारिया विरुद्ध म.प्र.शासन एवं अन्य ।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/संरक्षण/ को.को./ 2019/ 1685 दिनांक 16.05.2019 ।

–0–

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है आपसे प्राप्त संदर्भित पत्र में उल्लेखित प्रकरण ओ.ए. क्रमांक 253/ 2019 द्वारा श्री शिशिर रिचारिया विरुद्ध म.प्र.शासन एवं अन्य में ग्रीन ट्रिब्यूनल, न्यू दिल्ली में दायर याचिका का संबंध वनमण्डल कटनी से नहीं है।

उक्त प्रकरण के संबंध में याचिकाकर्ता से दूरभाष पर हुई चर्चा अनुसार प्रकरण में रेल्वे द्वारा FLASH BUTT WELDING (FBW) Plant of Bina-Katni third line project proposed in District- Bina में लगाया जा रहा है। प्रकरण के संबंध में प्रतिवेदन आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

(आर.के.राय)
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल कटनी
29/5

क्रमांक/मा.चि./ 1562 कटनी दिनांक 29/5/2019

प्रतिलिपि :– मुख्य वन संरक्षक, मध्य वन वृत्त, जबलपुर की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल कटनी
29/5